राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर

अपील संख्या :–111/2014

रतन कुमार गुर्जर –अपीलार्थी

बनाम

1. महानिदेशक, पुलिस राजस्थान, जयपुर पुलिस मुख्यालय लालकोठी, जयपुर, राजस्थान।
2. महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। निदेशालय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झालाना डूंगरी, जयपुर।
3. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सिरोही।

–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 07.11.2023

उपस्थित –

अपीलार्थी की ओर से : कोई उपस्थित नहीं

प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : श्री राजेन्द्र दाधीज, राजकीय अधिवक्ता

समक्ष :– अनन्त भण्डारी, सदस्य (न्यायिक)
असलम मेहर, सदस्य

आदेश

इस अपील में अपीलार्थी ने महानिदेशक पुलिस जयपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 25.06.2014 (अनुलग्नक–11) को चुनौती दी है, जिसके द्वारा अपीलार्थी का स्थानांतरण उसके पैतृक विभाग में तुरन्त प्रभाव से किया गया थौ। अपीलार्थी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कार्यरत था, जिसका स्थानांतरण पैतृक जिले सिरोही में किया गया था। इस अधिकरण द्वारा आदेश दिनांक 24.09.2014 के द्वारा आदेश दिनांक 25.06.2014 की क्रियान्विति को स्थगित किया था। अपीलार्थी वर्तमान में अंतरिम आदेश के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कार्यरत है। प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए यह प्रकट होता है कि इस अधिकरण के अंतरिम आदेश की पालना में अपीलार्थी वर्ष 2014 से ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों में कार्यरत है। ऐसे में वर्तमान में गत 9 वर्षों से आलोच्य आदेश दिनांक 25.06.2014 को प्रभाव में नहीं आया है। वर्तमान में अपीलार्थी चूंकि इस अधिकरण के अंतरिम आदेश से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों में कार्यरत है। ऐसे में अब आदेश दिनांक 25.06.2014 इतने समय पश्चात् प्रभाव दिया जाना उचित प्रकट नहीं होता है।

परिणाामस्वरूप इस अपील का निस्तारण इस आधार पर किया जाता है कि इस अधिकरण द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 24.09.2014 Confirm माना जाएगा एवं अपीलार्थी के संबंध में प्रत्यर्थी विभाग नियमानुसार नए सिरे से आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

(असलम मेहर)
सदस्य

(अनन्त भण्डारी)
सदस्य (न्यायिक)